**झारखण्ड लोक सेवा आयोग**
**सर्कुलर रोड, रांची–834001**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**भूतत्ववेत्ता नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–01/2017) एवं रसायनज्ञ नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–02/2017) के संबंध में आवश्यक सूचना।**

भूतत्ववेत्ता नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–01/2017) एवं रसायनज्ञ नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–02/2017) राँची जिला मुख्यालय के **संत आलोईस उच्च विद्यालय, डॉ0 कामिल बुल्के पथ (पुरूलिया रोड), राँची** केन्द्र पर दिनांक–**16.09.2018 को** निम्न कार्यक्रमानुसार आयोजित की जायेगीः–

| क्र0 सं0 | दिनांक | परीक्षा का नाम | प्रथम पाली (पूर्वाहन 10:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक) | द्वितीय पाली (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 16.09.2018 (रविवार) | भूतत्ववेत्ता नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या– 01/2017) | प्रथम पत्र (I) (लघु उत्तर प्रकार) | द्वितीय पत्र (II) वस्तुनिष्ठ (Objective) |
| 2. | 16.09.2018 (रविवार) | रसायनज्ञ नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या– 02/2017) | प्रथम पत्र (I) (लघु उत्तर प्रकार) | द्वितीय पत्र (II) वस्तुनिष्ठ (Objective) |

**अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश–पत्र तथा उपस्थिति पत्रक से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ एवं अनुदेश निम्नवत् हैंः–**

1. अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र (Admit Card) एवं दोनों पत्रों के उपस्थिति पत्रक दिनांक–**06.09.2018** से आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म तिथि डालकर डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।
2. भूतत्ववेत्ता नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–01/2017) एवं रसायनज्ञ नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–02/2017) के स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों की सूची (कारण सहित) आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर दिनांक–**31.08.2018** से उपलब्ध रहेगा।
3. प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं होने की स्थिति में आयोग के **हेल्पलाईन नं0–0651–2213009** पर कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा आयोग के पूछताछ काउन्टर पर **दिनांक–06.09.2018 से दिनांक–14.09.2018** तक कार्यदिवस में अपना नाम, रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म–तिथि के साथ आवेदन देकर प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं।
4. अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वेबसाईट से डाउनलोड किए गए प्रवेश–पत्र, उपस्थिति पत्रक एवं परीक्षा केन्द्र की जाँच कर लें। यदि उनमें आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं से भिन्न कोई त्रुटि हो तो आयोग के पूछताछ काउन्टर पर **दिनांक–14.09.2018** तक लिखित आवेदन देकर त्रुटि सुधार करा लें। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. निःशक्त कोटि के इच्छुक अभ्यर्थी (कम से कम 40% संगत निःशक्तता) श्रुतलेखक (Scribe) हेतु (जिन्हें यह सुविधा देय है) **दिनांक–14.09.2018** को प्रवेश पत्र में निर्धारित केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक को अपने प्रवेश पत्र, वांछित चिकित्सा प्रमाण पत्र, वैध पहचान पत्र के साथ उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र समर्पित करेंगे जिसके आधार पर केन्द्राधीक्षक द्वारा इस निमित्त यथा–निर्देशित व्यवस्था की जानी है। श्रुतलेखक (Scribe) 12वीं कक्षा अथवा इण्टरमीडिएट (50% से अधिक अंक प्राप्त न हो) से अधिक शिक्षित नहीं हो तथा वह अभ्यर्थी का निकट संबंधी नहीं हो। अभ्यर्थी श्रुतलेखक (Scribe) की व्यवस्था स्वयं करेंगे तथा केन्द्राधीक्षक द्वारा इस संबंध में कोई व्यय का वहन नहीं किया जाएगा।
6. अभ्यर्थी प्रवेश पत्र तथा उपस्थिति पत्रक में दिए गए सभी निदेशों का पालन करेंगे तथा ओ0एम0आर0 (OMR) के मुखपृष्ठ पर आवश्यक जानकारियाँ प्रविष्ट करने के पूर्व प्रवेश–पत्र, उपस्थिति–पत्रक एवं ओ0एम0आर0 (OMR) में दिए गए अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही प्रविष्टि अंकित करेंगे। ओ0एम0आर0 (OMR) में वर्णित निदेशानुसार अनिवार्य जानकारी नहीं भरने अथवा गलत प्रविष्टि करने की स्थिति में अभ्यर्थिता स्वतः रद्द समझी जाएगी एवं अभ्यर्थी इसके लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।
7. अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे परीक्षा आरंभ होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में पहुँचकर अपनी सीट पर बैठ जाएँ। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पश्चात् आनेवाले अभ्यर्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
8. अभ्यर्थियों को दोनों पत्रों की परीक्षाओं में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा अन्यथा मेधा सूची में ऐसे अभ्यर्थियों को सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. मॉडल प्रश्न–पत्र आयोग के वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।
10. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग,राँची।